
सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 283 | इंदौर, गुरुवार 30 अप्रैल, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




# जलूद सोलर प्लांट राष्ट्रीय उपलब्धि है : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**खरगोन जिले के जलूद में 271 करोड़ की लागत से बने 60 मेगावाट के सोलर पॉवर प्लांट का हुआ लोकार्पण**

- **बिजली उत्पादन में ग्रीन एनर्जी का बढ़ता प्रभाव**
- **जन भागीदारी से निर्मित प्रथम संयंत्र का श्रेय मध्यप्रदेश को**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जलूद सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण मध्यप्रदेश के साथ देशभर के लिए महत्वपूर्ण है। यहां सूर्य के प्रकाश को बिजली के रूप में बदलकर इंदौर नगर निगम लाभान्वित हो रहा है। लगभग 60 मेगावॉट क्षमता की इस परियोजना में भारत सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग मिला है। ग्रीन बॉन्ड स्कीम के माध्यम से इस परियोजना में देश की जनता को भागीदार (पार्टनर) बनाया है। पीपीपी मोड में कार्य करने वाला यह अपनी तरह का देश का प्रथम संयंत्र है। इस तरह से नाते इस राष्ट्रीय उपलब्धि का श्रेय मध्यप्रदेश को जाता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव खरगोन जिले में महेश्वर के निकट जलूद में 271 करोड़ की लागत से बने 60 मेगावाट सोलर पॉवर प्लांट का लोकार्पण कर संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संयंत्र का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस परियोजना में कोई भी व्यक्ति एक-एक लाख के 10 बॉन्ड खरीद सकता है। एक लाख पर लगभग 8 प्रतिशत की बचत होगी, जिसका लाभ 20 साल तक मिलेगा। अगर जरूरत पड़े तो इस बॉन्ड को बेचा भी जा सकता है। इस प्रकार से राज्य सरकार ने घर बैठे लोगों को पैसे कमाने का अवसर दिया है। मध्यप्रदेश सबसे सस्ती बिजली देने वाला राज्य है। हमारी बिजली से दिल्ली में मेट्रो ट्रेन चल रही है। जलूद सोलर पॉवर प्लांट का भूमि-पूजन प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2023 में किया था। लोकार्पण अवसर पर प्रदेश में हरित ऊर्जा पर जारी कार्यों पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।





### इंदौर के इतिहास में लिखा जा रहा है एक नया अध्याय

जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि आज इंदौर के इतिहास में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश को ग्रीन एनर्जी का हब बनाने का संकल्प लिया है और इसी को मुख्यमंत्री डॉ. यादव आगे बढ़ा रहे हैं। ग्रीन बॉन्ड से जुटाए फंड से जलूद में देश का पहला सोलर प्लांट बनकर तैयार हुआ है। इसके लिए इंदौर और महेश्वर की जनता को बधाई देता हूं। सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि भारत ग्रीन एनर्जी सेक्टर में काम करने वाला दुनिया का अग्रणी देश है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम में विधायक श्री राजकुमार मेव ने महेश्वर और इंदौर क्षेत्र को मिली विकास कार्यों की सौगातों के लिए आभार माना।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जलूद सोलर पॉवर प्लांट से दोहरा लाभ मिलेगा। इंदौर नगर निगम को बिजली तो मिलेगी ही, साथ में कार्बन उत्सर्जन भी कमी आएगी। बिजली उत्पादन में ग्रीन एनर्जी का नवाचार सर्वोत्तम है। इस परियोजना की लागत 10 साल में निकल जाएगी, अगले 10 साल सिर्फ लाभ के होंगे। मध्यप्रदेश बदल रहा है। एक समय था, जब रात में बिजली कटौती होती थी, दिन में बिजली तो मिलती ही नहीं थी।

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग में आगे है मध्यप्रदेश, वाराणसी में भी वैदिक घड़ी-** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अंग्रेजी काल गणना के 12 महीने भी भारतीय खगोल मापदंड के आधार पर बने हैं। हमारे खगोल वैज्ञानिकों ने आर्यभट्ट के दौर में बता दिया था कि सूर्य की परिक्रमा करने में सभी ग्रहों को अलग-अलग समय लगता है। शनि ग्रह का एक वर्ष साढ़े 29 साल में पूर्ण होता है। सभी ग्रहों और नक्षत्रों की गति के आधार पर वैदिक ज्ञान से पता चलता है कि सूर्य और चंद्र ग्रहण कब होगा। मध्यप्रदेश के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सहयोग से प्राचीन ज्ञान के आधार पर राज्य सरकार ने वैदिक घड़ी तैयार की है। पहले उज्जैन और उसके बाद काशी विश्वनाथ मंदिर में वैदिक घड़ी स्थापित की गई। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आज ही वाराणसी स्थित बाबा विश्वनाथ धाम में सम्राट विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का अवलोकन किया है। मध्यप्रदेश सरकार के सहयोग से सभी द्वादश ज्योतिर्लिंग परिसरों में यह वैदिक घड़ी लगाई जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महेश्वर-मंडलेश्वर क्षेत्र ज्ञान-विज्ञान का केंद्र रहा है। महर्षि मंडन मिश्र के नाम से प्रसिद्ध इसी क्षेत्र में उनका शंकराचार्य से शास्त्रार्थ हुआ था, तब मंडन मिश्र ने अपनी पत्नी को न्यायाधीश की जिम्मेदारी सौंपी थी। यह घटना देश के इतिहास में नारी सशक्तिकरण का सबसे बड़ा उदाहरण थी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोक माता अहिल्या बाई होल्कर ने कठिन दौर में भी देशभर के सनातनी मंदिरों को भव्यता के साथ विकसित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में गेहूं का उपार्जन कार्य व्यवस्थित रूप से हो रहा है। हमारी सरकार ने 2 साल में गेहूं का भाव 400 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक बढ़ाकर किसानों को लाभ दिया है।

### जनभागीदारी से बना देश का पहला सोलर प्लांट

महापौर इंदौर श्री पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि जलूद से ही नर्मदा मैया का जल 70 किलोमीटर दूर इंदौर तक पहुंचता है। जलूद में बुधवार को 300 करोड़ लागत के 60 मेगावाट क्षमता के सोलर पॉवर प्लांट का शुभारंभ हुआ है। यह ऐतिहासिक प्लांट केंद्र सरकार की ओर से शुरू की गई ग्रीन बॉन्ड व्यवस्था की मदद से बनकर तैयार हुआ है। इंदौर नगर निगम देश का पहला नगरीय निकाय है, जिसने ग्रीन बॉन्ड के माध्यम से फंड जुटाया है। इस सोलर प्लांट में देश के 28 राज्यों का योगदान मिला है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने इस कार्य में आई सभी बाधाओं को बिना किसी देरी किए दूर किया और महेश्वर में जनभागीदारी से बने देश के पहले सोलर प्लांट का सपना साकार हो पाया है। कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य श्री सुमेर सिंह सोलंकी, विधायकगण सुश्री ऊषा ठाकुर, श्री महेंद्र हार्डिया, विधायक श्री सचिन बिरला श्री रमेश मेंदोला, श्री गोलू शुक्ला, श्री मधु वर्मा के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।


## पुणे में क्लोरीन गैस का रिसाव, 24 लोग अस्पताल में भर्ती, इलाके में मचा हड़कंप



**पुणे, (एजेंसी) पुणे के कोंढवा इलाके में गुरुवार तड़के एक बंद पड़े जल शोधन संयंत्र से क्लोरीन गैस का रिसाव होने से अफरा-तफरी मच गई. गैस की चपेट में आने से दो दमकलकर्मियों समेत कुल 24 लोगों को सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है.**

दमकल के अधिकारी सुनील नाइकनावरे ने बताया कि कोंढवा स्थित गंगाधाम इलाके में बुधवार-गुरुवार की दरमियानी रात को एक पुराने जल शोधन संयंत्र के गोदाम में रखी क्लोरीन टैंक से गैस का रिसाव होने की सूचना मिली थी. सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची टीम ने पूरे इलाके को खाली कराया और गैस के फैलाव को रोकने के लिए टैंक को पैच लगा दिया. इस प्रक्रिया के दौरान खुद दो जवान भी जहरीली गैस की चपेट में आ गए. भिलारे ने आजतक को बताया कि गैस फैलने के कारण आसपास के कम-से-कम इलाके में रहने वाले 22 लोग और बचाव कार्य में जुटे 2 दमकलकर्मियों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी. सभी 24 लोगों को तुरंत ससून जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है. अधिकारियों ने बताया कि अस्पताल में भर्ती सभी 22 निवासी और दोनों दमकलकर्मी अब खतरे से बाहर हैं. फिलहाल उन्हें डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है. पुलिस और प्रशासन इस बात की जांच कर रहे हैं कि बंद पड़े प्लांट में खतरनाक गैस का टैंक लापरवाही से क्यों छोड़ा गया था.

## ऑनलाइन गेम में फिर ले ली मासूम की जान, गेमिंग लत पहचानें और ऐसे करें दूर



**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली से सटे फरीदाबाद से एक दिल दहला देने वाला केस सामने आया है, जहां एक कॉलेज स्टूडेंट ने गोली मारकर खुदकुशी कर ली है. पुलिस ने बताया है कि स्टूडेंट ऑनलाइन गेमिंग खेलता था, जिसमें उसने अपनी जिंदगीभर की कमाई गंवा दी है. ऑनलाइन गेमिंग की वजह से जान गंवाने वाला यह इकलौता मामला नहीं है, इससे पहले भी ढेरों ऐसे के सामने आ चुके हैं.

ऑनलाइन गेमिंग की वजह से खुदकुशी का यह कोई इकलौता मामला नहीं है. बल्कि कुछ लोगों की ऑनलाइन गेमिंग की लत उनको क्रिमिनल भी बना रही है. हाल में दिल्ली की अमर कॉलोनी स्थित आईआरएस की बेटी की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया शख्स भी ऑनलाइन गेमिंग की लत का शिकार था.

सबसे पहले बात फरीदाबाद के स्टूडेंट की करते हैं, जहां बुधवार दोपहर 1 बजे खुद को गोली मार ली. इसके बाद दरवाजे को तोड़कर स्टूडेंट को बाहर निकाला.

**लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी पहुंचे, व्यवस्थाओं का लिया जायजा**

# कलेक्टर शिवम वर्मा ने किया औचक निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य जारी है। जिला प्रशासन द्वारा किसानों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही। कलेक्टर शिवम वर्मा ने आज दोपहर लक्ष्मीबाई नगर अनाज मंडी पहुंचकर समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में चल रही खरीदी प्रक्रिया, तौल व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर वर्मा ने मंडी में आए किसानों से सीधे संवाद कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली। किसानों ने उपार्जन व्यवस्था को लेकर संतुष्टि व्यक्त की और बताया कि तौल एवं भुगतान की प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो रही है। कलेक्टर वर्मा ने किसान विश्राम गृह का भी निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने कैंटीन में किसानों के साथ बैठकर भोजन भी किया और व्यवस्थाओं की गुणवत्ता पर चर्चा की। कलेक्टर रोशन राय सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे।



# पिस्टल और बैग चोरी करने वाला पकड़ाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **भंवरकुआ थाना पुलिस ने कार का कांच तोड़कर बैग और पिस्टल चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आरोपी तक सीसीटीवी फुटेज के जरिए पहुंची। पुलिस का दावा है कि इसके लिए उन्होंने करीब 400 सीसीटीवी फुटेज देखे।**

पुलिस के मुताबिक, टीआई संतोष दूधी की टीम ने मल्हार गार्डन के बाहर खड़ी कार से चोरी करने वाले सलमान, निवासी भगवंत नगर, मूसाखेड़ी को पकड़ा है। आरोपी ने केशव सोनी की कार का कांच तोड़कर लाइसेंसी पिस्टल और करीब 1 लाख रुपए से भरा बैग चुरा लिया था। घटना के समय फरियादी केशव सोनी अपने



रिश्तेदार की शादी में शामिल होने रायसेन से इंदौर आए थे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से पिस्टल, 7 कारतूस और नकदी बरामद कर ली है। जांच में सामने आया है कि आरोपी पर पहले से आजाद नगर थाना क्षेत्र में रेप और आर्म्स एक्ट के मामले दर्ज हैं। वहीं, चंदन नगर थाना पुलिस ने अलग कार्रवाई में प्रदीप वर्मा (निवासी केसरबाग रोड) को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से करीब 2 किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी गांजा बेचने का काम करता था। यह मादक पदार्थ वह कहां से लाया, इसकी जांच की जा रही है।

## एक्टिवा को बाइक ने मारी टक्कर, महिला की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में मंगलवार को हुए सड़क हादसे में खुडैल की रहने वाली एक महिला की मौत हो गई, जबकि उसका भाई और 10 साल की बेटी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक खुडैल के सनावदिया गांव निवासी छगनबाई पति संजय यादव अपने भाई भोला उर्फ संजू और 10 वर्षीय बेटी गुड्डी के साथ एक्टिवा से देवास में एक कार्यक्रम में शामिल होने जा रही थीं। इसी दौरान कनाड़िया इलाके में रॉन्ग साइड से आ रही एक बाइक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी।

### इलाज के दौरान हुई मौत

हादसे में छगनबाई के सिर में गंभीर चोट आई थी। उन्हें तत्काल एमवाय अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं, भाई और बेटी घायल हैं, जिनका खुडैल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार जारी है। परिजनों के अनुसार छगनबाई के पति की कोरोना काल में मृत्यु हो चुकी है। परिवार में उनकी दो बेटियां हैं।

## 2.10 लाख का सामान बरामद

**इंदौर।** पुलिस ने आरोपी शकील (27), निवासी राजीव नगर खजराना, के पास से करीब 1 लाख 20 हजार रुपए का मोबाइल और एक पैशन प्लस मोटरसाइकिल (कीमत करीब 90 हजार रुपए) जब्त की है। कुल बरामदगी करीब 2.10 लाख रुपए की है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह शौक पूरे करने और जल्दी पैसे कमाने के लिए झपटमारी करता था। पुलिस अब उससे अन्य झपटमारी और लूट की वारदातों के बारे में पूछताछ कर रही है। आरोपी 7वीं तक पढ़ा लिखा और मजदूरी करता है। इस कार्रवाई में निरीक्षक मनोज सिंह सेंधव सहित पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

# राम राजा थे, लेकिन लव-कुश सीता के साथ रहे

**बच्ची को पिता के पास कनाडा भेजने से इनकार करते हुए हाई कोर्ट ने कहा**

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** मप्र हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने 9 वर्षीय बच्ची को पिता के साथ कनाडा वापस भेजने से इंकार करते हुए उसकी कस्टडी मां को सौंप दी। कोर्ट ने कहा कि मां ही बच्चे का पहला आश्रय और सुरक्षा है। कोर्ट ने फैसले में भारतीय सभ्यता, रामायण और महाभारत के सिद्धांतों का भी उल्लेख भी किया।

न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति बिनोद कुमार द्विवेदी की युगलपीठ बच्ची के पिता की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें कनाडा की कोर्ट के आदेश के आधार पर बच्ची की कस्टडी पिता को सौंपने और उसे इंदौर से कनाडा भेजने की मांग की गई थी। कोर्ट ने फैसले में कहा




कि मां बच्चे का पहला घर, पहली शिक्षिका और पहली संरक्षक होती है। यह केवल आधुनिक कानूनी अवधारणा नहीं, बल्कि भारतीय सभ्यता का मूल मूल्य है।

रामायण और महाभारत में भी मातृत्व की इसी भूमिका को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। कोर्ट ने रामायण का उल्लेख करते हुए कहा कि जब माता सीता, भगवान राम से अलग हुईं, तब उनके पुत्र लव और कुश का पालन-पोषण महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में केवल सीता ने किया। यद्यपि राम अयोध्या के राजा और बच्चों के पिता थे, फिर भी बच्चों का पालन मां के सान्निध्य में हुआ। इससे स्पष्ट है कि बच्चों के भावनात्मक, नैतिक और मानसिक विकास में मां की भूमिका सर्वोपरि है।मां का स्नेह और भावनात्मक जुड़ाव किसी भी अन्य रिश्ते से बढ़कर है। जिस तरह से लव-कुछ का पालन पोषण माता सीता के संरक्षण में हुआ, उसी तरह एक बच्ची के विकास के लिए मां की छत्रछाया अनिवार्य है। कोर्ट ने फैसले में संस्कृत श्लोक 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' का उल्लेख भी किया।

**एमआईसी मेंबर मौके पर पहुंचे, प्रशासन ने लिए सैंपल**

# कंट्रोल के गेहूं की शिकायत पर छापा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में राशन के गेहूं की अवैध खरीद-फरोख्त की सूचना पर गरीबी उपशमन प्रकोष्ठ के एमआईसी मेंबर मनीष शर्मा ने जिंसी हाट मैदान क्षेत्र की एक दुकान पर दबिश दी। मौके पर गेहूं से भरी गाड़ी मिलने पर उन्होंने जांच करवाई और सैंपल लेकर परीक्षण के लिए भेजे गए हैं।**

मनीष शर्मा ने बताया कि मंगलवार को उन्हें सूचना मिली थी कि जिंसी हाट मैदान स्थित दुकान पर कंट्रोल का गेहूं लाया जा रहा है। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, जहां गेहूं से भरी गाड़ी खड़ी



मिली। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने तुरंत कलेक्टर कार्यालय और खाद्य विभाग को सूचना दी। इसके बाद अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर गेहूं के सैंपल लिए और जांच के लिए भेज दिए। पूछताछ में दुकानदार आरिफ लाला ने बताया कि गेहूं किसानों और अन्य लोगों से खरीदा गया है। फिलहाल प्रारंभिक जांच में कालाबाजारी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मामले की विस्तृत जांच जारी है। एमआईसी मेंबर ने दुकानदार को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि सामने आती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

विधि विभाग के एक कर्मचारी पर शंका

# आईडीए फर्जी एनओसी की शिकायत थाने पहुंची

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में हुए आईडीए के फर्जी एनओसी घोटाले को लेकर अब पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। आईडीए अधिकारियों ने इस मामले को लेकर पुलिस में लिखित शिकायत की है, जिसमें विधि विभाग के एक कर्मचारी पर शंका जाहिर की गई है।** मामला 97 पार्ट 4 बिजलपुर की जमीन का है। यह जमीन आईडीए की योजना में शामिल है। हाल ही में जमीन मालिक की ओर से टीएनसीपी में ले-आउट स्वीकृति के लिए आवेदन लगाया गया था। जांच में पता चला कि आईडीए से जारी की गई एनओसी और प्रारूप में साइन का अंतर है। यह एनओसी प्लानिंग और भू-अर्जन दोनों विभागों से जारी हुई थी। आईडीए के भू-अर्जन अधिकारी सुदीप मीणा और मुख्य नगर नियोजक ने थाना तुकोगंज को कार्रवाई के लिए पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में भू-अर्जन अधिकारी सुदीप मीणा का कहना है कि नकली साइन कर फर्जी एनओसी बनाने का मामला हमारे सामने आया है। मेरे भी नकली साइन बनाकर फर्जी एनओसी बनाई गई है। पुलिस को आवेदन देकर कार्रवाई के लिए कहा है। वहीं एडिशनल डीसीपी राम सनेही मिश्रा ने कहा कि आईडीए के भूअर्जन अधिकारी का पत्र मिला है।

खातीलावाल टैंक के जगजीत सिंह ने प्लॉट की अनुमतियां कूटरचित दस्तावेज से ली हैं। आवेदन को अवलोकन में ले लिया गया है। सारे तथ्य जुटाए जाएंगे। आईडीए से संबंधित दस्तावेज मांगे गए हैं। दस्तावेजों के परीक्षण के बाद कार्रवाई की जाएगी। आईडीए ने पुलिस को लिखी शिकायत में कहा है कि आवेदक जगजीत सिंह, खातीवाला टैंक ने ग्राम बिजलपुर, तहसील राउ व जिला इन्दौर की भूमि सर्वे क्रमांक 3/2 कुल रकबा 0.526 हैक्टर भूमि पर आवासीय प्लॉट के उपयोग हेतु अभिन्यास अनुमोदन के लिए म.प्र. नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 29 (1) के तहत ऑनलाइन आवेदन 2 दिसंबर 25 को प्रस्तुत किया गया था। आवेदन के साथ आईडीए के भू-अर्जन अधिकारी के 30 सितंबर 25 का पत्र संलग्न किया गया। इसके साथ ही आईडीए के मुख्य नगर नियोजक एक पत्र भी प्रस्तुत किया गया है।

आईडीए ने पुलिस को लिखा है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत सभी पत्रों को प्रथमदृष्टया फर्जी / कूटरचित दस्तावेज होने का संदेह होना प्रतीत होता है। आईडीए ने कहा है कि जब विभाग में जांच की गई तो पता चला कि ऐसा कोई पत्र जारी नहीं हुआ है। इस पर भू-अर्जन अधिकारी के हस्ताक्षर कूटरचित होकर फर्जी है। मुख्य नगर नियोजक के हस्ताक्षर भी कूटरचित होकर फर्जी हैं। आईडीए ने पुलिस को लिखा है कि प्रकरण के संबंध में जानकारी प्राप्त करने पर यह ज्ञात हुआ है कि विधि शाखा में पदस्थ कर्मचारी शिवम श्रीवास्तव बगैर आवेदन एवं बिना अनुमति के कई दिनों से अनुपस्थित है। उसका मोबाइल भी बंद है। साथ ही वॉट्सएप पर एक वीडियो आया है, जिसे देखने पर यह प्रतीत हो रहा है कि उक्त कृत्य में वह सम्मिलित है। इस प्रकरण में इनके साथ अन्य बाहरी व्यक्तियों की संलिप्तता भी परिलक्षित हो रही है। इस प्रकरण में जांच करवाते हुए फर्जी हस्ताक्षर कर कूटरचित दस्तावेज करने वाले के विरुद्ध विधि अनुसार अतिशीघ्र कार्यवाही की जाए।

सोनम के भाई गोविंद ने कहा-

## राज ने मेरे संस्थान में डेढ़ करोड़ रुपये की हेराफेरी की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। अपने पति राजा रघुवंशी की शिलांग में हत्या करने वाली सोनम रघुवंशी को कोर्ट से जमानत मिल चुकी है। इसे लेकर सोनम के भाई गोविंद रघुवंशी पर आरोप लगाए जा रहे हैं, लेकिन गोविंद ने कहा कि सोनम को जमानत दिलाने में मेरी कोई भूमिका नहीं है। गोविंद ने यह भी खुलासा किया कि इस हत्याकांड में जेल में बंद राज कुशवाह ने उसके संस्थान में डेढ़ करोड़ रुपये की हेराफेरी की। गोविंद ने कहा कि मुझे भी मीडिया के जरिए ही पता चला। मुझ पर जो पैसे के दम पर मदद करने के आरोप लग रहे हैं, वे गलत हैं। कानूनी प्रक्रिया के तहत जमानत मिली है। मैंने कोई मदद नहीं की। जेल से सोनम का एक-दो बार कॉल आया, लेकिन सामान्य बात हुई। जेल से फोन पर बात करने की सुविधा है। उसके लिए कोई वकील नहीं किया। सरकारी वकील ने ही जमानत दिलाई। गोविंद ने कहा कि सोनम ने गुनाह किया है तो उसे सजा मिलनी चाहिए। राजा के परिवार को भी थोड़ा संयम बरतना चाहिए। वे कोर्ट को लेकर सवाल उठा रहे हैं, जो गलत है। अभी केस को लेकर फैसला नहीं आया है। पिता के शिलांग जाने पर कहा कि यह उनका फैसला है, वे खुद गए हैं। उन्होंने कहा कि सोनम जेल से बाहर आ गई है, लेकिन हम उसे इंदौर लाना नहीं चाहते। सोनम को जमानत मिलना हमारे लिए भी आश्चर्यजनक है, क्योंकि पहले तीन बार खारिज हो चुकी है। गोविंद ने कहा कि राज का परिवार कभी मेरे पास मदद के लिए नहीं आया। राज ने डेढ़ करोड़ रुपये की हेराफेरी की। वह कई जगहों से पैसे लेकर गया है। जब हिसाब मिलाया तो इस धांधली का पता चला। उसका परिवार भी इंदौर से जा चुका है। इस मर्डर केस के बाद मैं खुद परेशान हूं। कारोबार पर ध्यान नहीं दे पा रहा हूं। सभी के सवालों के जवाब देने पड़ते हैं। मुझे कहा जाता है कि यह सोनम रघुवंशी का भाई है।

● ईडी ने रुचि अक्रोनी इंडस्ट्रीज पर की कार्रवाई

# 7.76 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से किया अटैच

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में प्रवर्तन निदेशालय (ED) ने बड़ी कार्रवाई की है। बैंक धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में जांच कर रही ईडी ने मेसर्स रुचि अक्रोनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड (वर्तमान नाम स्टीलटेक रिसोर्सेज लिमिटेड) की 7.76 करोड़ रुपए मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच (कुर्क) कर लिया है। कुर्क की गई इन संपत्तियों में कंपनी के नाम पर दर्ज विभिन्न औद्योगिक और आवासीय भूखंड शामिल हैं।**



ईडी की यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA), 2002 के प्रावधानों के तहत की गई है। इस पूरे मामले की जड़ें सीबीआई (CBI) और एसीबी (ACB) भोपाल द्वारा दर्ज उस एफआईआर में हैं, जिसमें रुचि अक्रोनी इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके संचालकों पर यूको बैंक की इंदौर शाखा को 58 करोड़ रुपए से अधिक का वित्तीय नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया था। बैंक की शिकायत के मुताबिक, कंपनी ने फर्जी दस्तावेजों और गलत जानकारी के आधार पर करोड़ों रुपए की क्रेडिट सुविधाएं और लेटर ऑफ क्रेडिट (LC) हासिल किए थे। प्रवर्तन निदेशालय की जांच में चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। जांच में सामने आया कि कंपनी ने बैंक से मिली भारी-भरकम राशि का उपयोग उस व्यापारिक उद्देश्य के लिए नहीं किया, जिसके लिए वह ली गई थी। रकम को सोची-समझी साजिश के तहत विभिन्न सहयोगी और समूह की कंपनियों के बैंक खातों में डायवर्ट कर दिया गया। जांच अधिकारियों के अनुसार, फंड की लेयरिंग करने के लिए कंपनियों का एक जटिल जाल बुना गया था, ताकि पैसे के स्रोत का पता न चल सके। अंततः यह पैसा घुमा-फिराकर उन्हीं संस्थाओं के पास पहुंचा, जिन पर मुख्य आरोपियों का नियंत्रण था। इस पूरी प्रक्रिया के माध्यम से अवैध धन को वैध निवेश के रूप में पेश करने की कोशिश की गई थी। ईडी की टीम ने जब मनी ट्रेल (पैसे के लेनदेन का रास्ता) की जांच की, तो पाया गया कि गबन की गई इस राशि का एक बड़ा हिस्सा अलग-अलग स्तरों पर अचल संपत्तियों को खरीदने और निवेश करने में इस्तेमाल किया गया था। वर्तमान में जिन संपत्तियों को अटैच किया गया है, वे उन्हीं संदिग्ध लेन-देन के जरिए बनाई गई थीं।

## मोबाइल पर बात करने पर 118 चालान, 72 लाइसेंस सस्पेंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। शहर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए पुलिस ने ड्राइविंग के दौरान मोबाइल इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू किया है।**

ट्रैफिक पुलिस ने अलग-अलग चौराहों पर कार्रवाई करते हुए 118 वाहन चालकों के चालान बनाए गए, वहीं 72 के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित किए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस का फोकस उन चालकों पर है जो टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर चलाते समय मोबाइल पर बात करते या उसका इस्तेमाल करते हुए पाए जा रहे हैं। डीसीपी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत मंगलवार को सघन चेकिंग के दौरान बड़ी कार्रवाई की गई। पुलिस के मुताबिक, वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न सिर्फ चालक के लिए बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी गंभीर खतरा बनता है। यह सड़क दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है। गंभीर उल्लंघन को देखते हुए 72 वाहन चालकों के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई भी की गई है। ट्रैफिक पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें और नियमों का पालन करें।

राजा रघुवंशी मर्डर केस...जमानत पर छलका मां का दर्द

# सोनम इंदौर आएगी तो पूछूंगी मेरे बेटे को क्यों मारा?

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राजा रघुवंशी हत्याकांड में मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी को जमानत मिलने की खबर ने परिवार को झकझोर दिया। परिजनों को इस फैसले की जानकारी उनके वकील से नहीं, बल्कि शिलांग पुलिस के एक फोन से मिली। अचानक आई इस खबर के बाद घर का माहौल बदल गया।**



राजा की मां उमा रघुवंशी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि उन्हें इस फैसले पर यकीन ही नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि सोनम इस पूरे मामले की मास्टरमाइंड है। वह जब भी इंदौर आएगी तो मैं उससे पूछूंगी कि मेरे बेटे का क्या कसूर था? क्यों मारा उसे? उमा ने कहा, अभी तक तो सुना था कि कानून अंधा होता है आज देखने को भी मिल गया। उन्होंने मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हस्तक्षेप की अपील की है। उमा रघुवंशी ने कहा कि एक मां को अपने बेटे के लिए न्याय की उम्मीद थी, लेकिन इस फैसले ने उन्हें बड़ा झटका दिया है। उन्होंने आशंका जताई कि अगर मुख्य आरोपी को जमानत मिल सकती है, तो अन्य आरोपियों को भी राहत मिल सकती है। वहीं, राजा के भाई विपिन रघुवंशी ने भी कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने बताया कि सोनम को सोमवार को ही जमानत मिल गई थी, लेकिन उन्हें इसकी जानकारी मंगलवार को शिलांग पुलिस से मिली। चार दिन पहले तक उनके वकील ने भी जमानत मिलने की संभावना से इनकार किया था। विपिन ने आरोप लगाया कि सोनम के परिवार, खासकर उसके भाई गोविंद का उसे पूरा समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि पैसों की ताकत के आगे हम अपने भाई को न्याय नहीं दिला पा रहे हैं। वे सोनम की जमानत रद्द कराने के लिए हाईकोर्ट का रुख करेंगे और जरूरत पड़ी तो शिलांग भी जाएंगे। ऐसे में यदि सोनम वापस जेल जाती है तो भाई गोविंद इसका बदला ले सकता है। विपिन ने आशंका भी जताई कि अगर अपील करने के लिए अगर वह शिलांग जाते है तो सोनम उन पर हमला करा सकती है। यदि मेरे साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसके लिए गोविंद जिम्मेदार होगा।

# मसाला फसलों के उत्पादन में हम अव्वल, उद्यानिकी फसलों के रकबे का करें विस्तार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## किसानों की आय वृद्धि का बड़ा जरिया हैं उद्यानिकी फसलें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि उद्यानिकी फसलें छोटी जगह से बड़ी कमाई करने का प्रभावी माध्यम है। प्रदेश के अधिकाधिक किसानों को इससे जोड़ा जाये। किसानों को सीज़नल और उद्यानिकी फसलों के उत्पादन के लिए प्राकृतिक खाद का उपयोग कर जैविक खेती से जुड़ने के लिए प्रेरित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है। उद्यानिकी फसलों के माध्यम से किसानों की वास्तविक आय बढ़ाई जाए। किसानों की आय वृद्धि और उनके जीवन में खुशहाली लाने के लिये योजनाबद्ध तरीके से उद्यानिकी फसलों और इनके जोत रकबे का साल-दर-साल विस्तार किया जाए। उन्होंने कहा कि हमारी उद्यानिकी एवं मसाला फसलों की अंतर्राष्ट्रीय मांग बढ़ रही है। इसकी पूर्ति के लिए बाजार तलाशें, उद्यानिकी उत्पादों की भरपूर ब्रांडिग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे यहां औषधीय गुणों से भरपूर फसलों की खेती भी बहुतायत में की जाती है। इनकी बड़ी संभावनाएँ है। औषधि निर्माण के लिए जरूरी इन फसलों की इन्टरनेशनल मार्केट में मांग अनुसार आपूर्ति के लिए पूरी सप्लाई चेन तैयार की जाये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में हर साल नये-नये आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं अस्पताल खोले जा रहे हैं। इनमें देशी/आयुर्वेदिक दवाईयों की आपूर्ति में प्रदेश की औषधीय फसलों एवं उप-उत्पादों का भरपूर उपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि मसाला फसलों के उत्पादन में हम पूरे देश में पहले स्थान पर है। यह उपलब्धि हमें इस क्षेत्र में और भी बेहतर करने के लिए प्रेरित करती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को मंत्रालय में उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग की योजनाओं और गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभागीय संचालित योजनाओं की प्रगति और हितग्राहियों को लाभ प्रदाय पर गहन चर्चा की गई।




### दुनिया में मिलेगी मप्र की उद्यानिकी फसलों को पहचान

बैठक में बताया गया गया कि वर्ष 2030 तक उद्यानिकी क्षेत्र का रकबा 30 लाख हेक्टेयर तक पहुंच जाएगा। बागवानी फसलों के उत्पादन और निर्यात को बढ़ावा देने के लिएप्रदेश में हॉर्टिकल्चर प्रमोशन एजेंसी की स्थापना करने की कार्रवाई जारी है। मध्यप्रदेश के उद्यानिकी उत्पादों को दुनिया में पहचाना जाएगा। इसके लिए जी आई टैग दिलवाने की प्रक्रिया जारी है। विशेष रूप से जबलपुरी मटर, गुना का कुंभराज धनिया, बुरहानपुर का केला, रतलाम का रियावन लहसुन, खरगोन की मिर्च, इंदौर का मालवी आलू, बरमन भटा, छतरपुर का पान जैसे उद्यानिकी उत्पादों को जल्दी ही विशिष्ट भौगोलिक पहचान मिल जाएगी।

### मध्यप्रदेश में हो रही मखाना की खेती, इस साल और बढ़ाएंगे रकबा

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में मखाना की खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। मखाना क्षेत्र विस्तार योजना के तहत प्रदेश के 14 जिलों यथा नर्मदापुरम, सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, जबलपुर, कटनी, मंडला, डिंडोरी, रीवा, शहडोल, रायसेन, अनूपपुर, पन्ना एवं सतना में मखाना उत्पादन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। मखाना उत्पादन का रकबा इस वर्ष बढ़ाकर 85.00 हैक्टेयर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। केंद्र सरकार द्वारा मखाना उत्पादन की कुल परियोजना लागत (एक इकाई) पर 40 प्रतिशत तक की अनुदान सहायता दी जाती है।

### जून में भोपाल में होगा आम महोत्सव

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में इसी वर्ष जून माह में भोपाल में आम महोत्सव, जुलाई में खरगौन में मिर्च महोत्सव, सितम्बर में बुरहानपुर में केला महोत्सव, अक्टूबर में इंदौर में सब्जी महोत्सव, नवम्बर में ग्वालियर में अमरूद महोत्सव मनाया जाएगा। साथ ही दिसंबर में ग्वालियर में मधुमक्खी पालन व्यवसाय के प्रोत्साहन एवं जागरूकता के लिए एक कार्यशाला/सेमिनार भी आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को संतरा महोत्सव भी आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम महोत्सव के दौरान प्रदेश के सभी 10 संभागों में आम के 10 बाग लगाने के प्रयास किए जाएं। केला महोत्सव में केले के तने से रेशे बनाने वाले उद्यमियों/उद्योगपतियों को जोड़ा जाये। सब्जी महोत्सव के दौरान नागरिकों को अपने घरों में किचन गार्डन लगाने के लिए जागरूक एवं प्रोत्साहित किया जाए।

बैठक में बताया गया कि सिंहस्थ - 2028 के मद्देनजर उज्जैन में फूलों की खेती को प्रोत्साहन एवं विस्तार किया जा रहा है। इसके लिए उज्जैन में सेंटर फॉर एक्सीलेंस फ्लोरीकल्चर की स्थापना की जा रही है। सेंटर स्थापना के लिए उज्जैन शहर के पास एक गांव में 19 एकड़ जमीन चिह्नित कर ली गई है। केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेजकर समुचित समन्वय भी किया जा रहा है।

**40 नर्सरियां हो रहीं हाईटेक-** बैठक में बताया गया कि प्रदेश में प्रेसराईज इरीगेशन वाले जिलों में 15 हज़ार हैक्टेयर रकबे में सूक्ष्म सिंचाई क्षेत्र का विस्तार भी किया जा रहा है। दो स्मार्ट बीज फार्म का विकास, सागर में झिला फार्म एवं देवास में कन्नौद फार्म विकसित किया जा रहा है। उद्यानिकी विभाग के अधीन 40 नर्सरियों का उन्नयन कर इन्हें पूरी तरह से हाईटेक किया जा रहा है। धार जिले के बदनावर के समीप रूपाखेड़ा गांव में युवाओं द्वारा फूलों की खेती की जा रही है। यह गांव मध्यप्रदेश में स्विट्जरलैंड के किसी गांव की तरह फूलों की खेती में विशेष पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि प्रदेश की जलवायु और भौगोलिक परिस्थितियां उद्यानिकी फसलों के लिए बेहद अनुकूल हैं, इसका पूरा लाभ उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वे क्षेत्रवार विशेष फसलों की पहचान कर किसानों को उनकी खेती के लिए प्रोत्साहित करें। उद्यानिकी फसलों के रकबे में तेजी से वृद्धि के लिए किसानों को जोड़कर एक व्यापक कार्य योजना तैयार की जाए। साथ ही किसानों को आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, सिंचाई सुविधाएं और बाजार उपलब्ध कराने के लिए कृषि एवं उद्यानिकी से सम्बद्ध विभागों के बीच बेहतर समन्वय भी स्थापित किया जाए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसान कल्याण वर्ष के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए उद्यानिकी क्षेत्र में ठोस और परिणामोन्मुखी कदम उठाए जाएं। पारम्परिक खेती के साथ-साथ किसानों को फल, फूल, सब्जी, मसाला, औषधीय एवं सुगंधित फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को ऐसी फसलों से जोड़ना जरूरी है, जो उन्हें त्वरित और अधिक नकद आय प्रदान कर सकें। खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने के लिए किसानों को जोड़कर सभी उपाय किये जायें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाकर इन्हें और प्रभावी बनायें। योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद और समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सरकार की योजनाओं का लाभ पाने के लिए किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न होने पाए। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य योजनाओं का धरातल पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उद्यानिकी फसलों एवं इनके उत्पादों के प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर किसानों को बेहतर मूल्य दिलाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विकास से किसानों की आय भी बढ़ेगी और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस दिशा में छोटे-छोटे स्तर पर प्रसंस्करण इकाइयों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना ही हमारी प्राथमिकता है। इसके लिए हम हर संभव प्रयास करेंगे। राज्य सरकार कृषि को आधुनिक, लाभकारी और टिकाऊ बनाने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है। उद्यानिकी और खाद्य प्रसंस्करण से हम किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की ओर बढ़ेंगे। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि प्रदेश में उद्यानिकी क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है। उद्यानिकी फसलों की खेती करने वाले किसानों को विभागीय अनुदान योजनाओं की सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को आधुनिक खेती-बाड़ी के लिए प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है।

बैठक में सामाजिक न्याय, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) श्री नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, मुख्यमंत्री के सचिव श्री आलोक कुमार सिंह, संचालक उद्यानिकी तथा अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# धीरेंद्र शास्त्री बोले- बड़े घर की माताएं भी पी रहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट



**छतरपुर, एजेंसी**। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का एक और बयान विवादों में आ गया है। नागपुर में कथा के दौरान उन्होंने कहा, 'आजकल पुरुषों की तो छोड़ो, हमने सुना कि बड़े घरानों की माताएं भी पी रही हैं। राम-राम, राम-रामबजरंग बली बचाएं।' इसका वीडियो भी सामने आया है। शास्त्री के इस बयान पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। छतरपुर में कांग्रेस नेता दीप्ति पांडे ने कहा- व्यासपीठ से इस तरह की टिप्पणी करना उचित नहीं है। पूरा देश उन्हें सुनता है, ऐसे में माताओं के लिए इस तरह के शब्दों का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिए। धीरेंद्र शास्त्री ने 28 अप्रैल को व्यासपीठ से कहा था- जब कई माताएं ही विचित्र संस्कारों वाली हो जाएंगी तो बच्चों को क्या हलुआ संस्कार देंगी? हम तो सोच रहे हैं कि जिनकी घरवालियां पीती हैं, उनके कल के दिन बच्चे होंगे...वो बच्चे रोएंगे तो उन्हें भी शराब पिलाकर सुला देंगी। शास्त्री ने आगे कहा- पहले मर्यादा होती थी, संस्कार होते थे। लोग कुछ गलत करने से डरते थे लेकिन अब स्थितियां बदल रही हैं। इस बयान पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सदस्य दीप्ति पांडे ने कहा- सृष्टि की सृजनकर्ता एक नारी ही होती है। वो मां है, जो बच्चे की प्रथम गुरु है। मातृ शक्ति के लिए इस तरह की भाषा का उपयोग करने का मैं विरोध करती हूं। उन्होंने वीडियो जारी कर कहा- धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी, मैं आपसे निवेदन करती हूं कि मातृ शक्ति के खिलाफ इस तरह की भाषा का उपयोग करना बंद कर दें। आपने महिलाओं के खिलाफ अब कोई अनर्गल टिप्पणी की तो हमें आपके खिलाफ सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

## साड़ी का झूला बना फांसी का फंदा

**छिंदवाड़ा, एजेंसी**। परासिया थाना में बीते दिनों करंट की चपेट में हुई बालिका की मौत का शोक अभी खत्म भी नहीं हुआ था कि देहात थाने में एक बालिका की खेल-खेल में मौत हो गई। दरअसल बालिका घर पर ही साड़ी का झूला बनाकर झूल रही थी, जो अचानक ही फांसी का फंदा बनकर बालिका के गले मे लिपट गया। जिससे दम घुटने से उसकी मौत हो गई। अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के अनुसार हिमांशी पिता अशोक मरकाम(14) निवासी गांगीवाड़ा बुधवार सुबह 11 :30 बजे घर के अंदर साड़ी का झूला बनाकर झूल रही थी। जबकि बालिका के माता-पिता घर के कामों में व्यस्त थे। झूला झूलते हुए अचानक ही साड़ी हिमांशी के गले मे फंस गई। जिससे उसका दम घुटने लगा। जब वह बेहोश हो गई तो उसके पिता ने तत्काल उसे जिला अस्पताल लेकर पहुँचे।

# विधायक सप्रे दलबदल केस पर जबलपुर हाईकोर्ट सख्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी**। सागर जिले की बीना सीट से विधायक निर्मला सप्रे के खिलाफ दलबदल मामले में हाईकोर्ट में दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने विधायकी शून्य करने की मांग पर पक्षों से जवाब मांगा। सुनवाई के दौरान महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट को बताया कि मामले की विधिवत सुनवाई विधानसभा स्पीकर द्वारा की जा रही है और उमंग सिंघार द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों की जांच की प्रक्रिया जारी है। इस पर चीफ जस्टिस संजीव कुमार सचदेवा ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि दलबदल मामलों में सुप्रीम कोर्ट ने 90 दिनों के भीतर निर्णय देने की समय सीमा तय की है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब समय सीमा 90 दिन है, तो 720 दिनों में भी मामले का निराकरण क्यों नहीं हो पाया। चीफ जस्टिस ने महाधिवक्ता से कहा कि वे सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन स्पीकर के संज्ञान में लाएं। वहीं उमंग सिंघार के वकील विभोर खंडेलवाल ने भी मांग की कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा तय 90 दिन की समय सीमा का पालन सुनिश्चित किया जाए।

## संपादकीय

### ब्रह्मोस की गर्जना और रणनीतिक गहराई: भारत-वियतनाम संबंधों का नया अध्याय

वियतनाम के राष्ट्रपति तो लाम 5 से 7 मई के बीच भारत की यात्रा पर आ रहे हैं। वियतनाम के राष्ट्रपति की भारत यात्रा का असली मकसद सैन्य साझेदारी को बढ़ाना है। उनकी इस यात्रा पर भारत और वियतनाम के बीच 5,800 करोड़ ($700 मिलियन डॉलर) की ब्रह्मोस मिसाइल डील हो सकती है।बता दें कि रूस और वियतनाम की दोस्ती बहुत गहरी है। दोनों देशों के बीच संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' का दर्जा प्राप्त है। वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के महासचिव लाम के साथ एक हाई लेवल प्रतिनिधिमंडल भी होगा, जिसमें वियतनाम सरकार के कई मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। इस यात्रा पर आए गणमान्य व्यक्ति के साथ एक मजबूत व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होगा। अप्रैल में वियतनाम के राष्ट्रपति चुने जाने के बाद लाम की भारत की यह पहली राजकीय यात्रा होगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक 6 मई को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में लैम का औपचारिक स्वागत किया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति तो लैम के साथ द्विपक्षीय संबंधों के अलग-अलग पहलुओं के साथ-साथ आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा करेंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लैम से मुलाकात करेंगी। उम्मीद है कि भारत के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी लैम से मिलेंगे। भारत यात्रा के दौरान वे बोधगया और मुंबई भी जाएंगे। बता दें कि भारत और वियतनाम के बीच ऐतिहासिक और सभ्यतागत संबंध हैं, जो पिछले कुछ वर्षों में लगातार गहरे हुए हैं। लाम की यह यात्रा एक विशेष अवसर पर हो रही है, जब दोनों देश अपने संबंधों को 'व्यापक रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक पहुंचाए जाने की 10वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। इस साझेदारी पर साल 2016 में प्रधानमंत्री मोदी की वियतनाम यात्रा के दौरान सहमति बनी थी।

## धर्म-कर्म

# ।। नृसिंह जयंती ।।



**उग्रं वीरं महाविष्णुं ज्वलन्तं सर्वतोमुखम्।**
**नृसिंहं भीषणं भद्रं मृत्युमृत्युं नमाम्यहम्॥**

**अर्थ**: मैं उन भगवान नरसिंह को प्रणाम करता हूं जो उग्र हैं, वीर हैं, महाविष्णु स्वरूप हैं, जिनकी आभा चारों ओर जलती हुई अग्नि के समान है, जिनका मुख सर्वव्यापी है, जो अत्यंत भीषण हैं, फिर भी अपने भक्तों के लिए कल्याणकारी (भद्र) हैं और जो साक्षात् मृत्यु की भी मृत्यु हैं।

**ॐ वज्रनखाय विद्महे तीक्ष्णदंष्ट्राय धीमहि।**
**तन्नो नारसिंहः प्रचोदयात्॥**

**अर्थ**: हम भगवान नरसिंह को जानते हैं जिनके नख वज्र के समान हैं। हम उनकी आराधना करते हैं जिनके दांत तीक्ष्ण (नुकीले) हैं। वे भगवान नरसिंह हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा दें।

**नृसिंह कवचम् वक्ष्ये प्रह्लादेन उदितं पुरा।**
**सर्वरक्षाकरं पुण्यं सर्वोपद्रव नाशनम्॥**

**अर्थ**: मैं उस नरसिंह कवच का वर्णन करता हूँ जो प्राचीन काल में प्रह्लाद द्वारा कहा गया था; यह पुण्यकारी है, सभी प्रकार से रक्षा करने वाला है और सभी दुखों व कष्टों का नाश करने वाला है।

**लक्ष्मी नृसिंह चरणौ शरणं प्रपद्ये।**

**अर्थ**: मैं लक्ष्मी सहित भगवान नरसिंह के चरणों में शरण लेता हूँ।

-बाबापण्डित (http://www.babapandit.com)

# कब से है नौतपा, 9 दिनों तक बरसेगी गर्मी

## जानें सूर्य को प्रसन्न करने के उपाय

ज्योतिष शास्त्र में नौतपा का विशेष महत्व है। हर साल नौतपा का आरंभ ज्येष्ठ महीने में पड़ता है। नौतपा नौ दिन का समय है, जिस दौरान भीषण गर्मी पड़ती है। नौतपा का संबंध सूर्य के नक्षत्र परिवर्तन से माना जाता है। यह शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है, 'नौ' और 'तपा', जिसका अर्थ है नौ दिनों की भीषण गर्मी। इस साल 2026 में नौतपा की शुरुआत 25 मई के आसपास होने की संभावना है, जो जून के प्रथम सप्ताह तक जारी रहेगी। नौतपा के दौरान ग्रहों के राजा सूर्य 15 दिनों तक रोहिणी नक्षत्र में विराजमान रहते हैं। आइए जानते हैं क्या है नौतपा, क्यों लगता है, कब और कैसे शुरू होता है-

### नौतपा क्या है?

हिंदू पंचांग के अनुसार, जब सूर्य देव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते हैं, तब उस अवधि के शुरुआती नौ दिनों को 'नौतपा' कहा जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार, 25 मई 2026 से लेकर 2 जून 2026 तक ग्रहों के राजा सूर्य वृषभ राशि और रोहिणी नक्षत्र में विराजमान रहेंगे।

### नौतपा कब होता है?

नौतपा आमतौर पर ज्येष्ठ मास मई या जून के दौरान पड़ता है। ज्योतिष गणना के अनुसार, जब सूर्य चंद्रमा के नक्षत्र रोहिणी में प्रवेश करता है, तो पृथ्वी पर गर्मी का प्रभाव चरम पर पहुंच जाता है। रोहिणी नक्षत्र के स्वामी चंद्रमा है, जो शीतलता के प्रतीक हैं, लेकिन जब सूर्य इस नक्षत्र में आता है, तो वह इसकी शीतलता को सोख लेता है। नौतपा के दौरान सूर्य की किरणें डायरेक्ट पृथ्वी पर पड़ती है। इसी कारण से गर्मी का असर ज्यादा रहता है।



### नौतपा के दौरान क्या करें?

1. नौतपा के दौरान सूर्य ग्रह को प्रसन्न करने के लिए कुछ उपाय कर सकते हैं। आइए जानते हैं-
2. इस अवधि में रो सूर्य को अर्घ्य दें।
3. सूर्य मंत्रों का जाप करें।
4. विधिवत आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ करें।
5. इस समय में लाल कपड़ा, गेंहू, जल, घी, गुड़ का दान करें।

### वैज्ञानिक और पौराणिक कारण से समझें

वैज्ञानिक दृष्टिकोणः इस समय सूर्य उत्तरी गोलार्ध के ठीक ऊपर होता है, जिससे किरणें सीधी पड़ती हैं। इस दौरान वायुमंडल में नमी कम हो जाती है और शुष्क हवाएं (लू) चलने लगती हैं, जिससे तापमान अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच जाता है।

**पौराणिक मान्यता**: माना जाता है कि सूर्य का रोहिणी नक्षत्र में आना पृथ्वी के 'यौवन' की तपस्या की तरह है। यदि इन नौ दिनों में खूब गर्मी पड़े, तो यह भविष्य में अच्छी वर्षा का संकेत माना जाता है।

Rajasthan

# दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर चलती कार में लगी आग 5 लोग जिंदा जले, चालक गंभीर रूप से घायल

**अलवर, (एजेंसी)** जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर बुधवार देर रात चलती कार में अचानक आग लगने से पांच लोगों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से झुलस गया।

डीएसपी कैलाश जिंदल के अनुसार हादसा रात करीब 1 बजे मौजपुर के पास पिलर नंबर 115/300 पर हुआ। कार दिल्ली से कोटा की ओर जा रही थी, तभी उसमें आग लग गई और कुछ ही मिनटों में पूरी कार आग का गोला बन गई। हादसा इतना अचानक हुआ कि अंदर बैठे लोगों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। कार में मध्यप्रदेश के श्योपुर निवासी तीन महिलाएं, एक



बच्ची और एक पुरुष सवार थे, जिनकी मौके पर ही जिंदा जलकर मौत हो गई। वहीं चालक विनोद कुमार मेहर किसी तरह कार से कूदकर बाहर निकल गया लेकिन वह करीब 80 प्रतिशत झुलस गया। सूचना मिलने पर एनएचएआई पेट्रोलिंग टीम और एंबुलेंस मौके पर पहुंची। लक्ष्मणगढ़ थाना पुलिस का जाप्ता और एसएचओ नेकीराम भी घटनास्थल पर पहुंचे और दमकल को बुलाया गया। डीएसपी ने मौके पर पहुंचकर घायल चालक को पिनान के सीएचसी भेजा, जहां से उसे अलवर के सामान्य अस्पताल रैफर किया गया। फिलहाल वहां उसका इलाज जारी है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी सुधीर चौधरी भी मौके पर पहुंचे और हालातों का जायजा लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

New Delhi

# पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढने संबंधी आदेश फर्जी : सरकार

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सरकार ने कहा है कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढोतरी से संबंधित सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा आदेश फर्जी है और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने इस तरह का कोई आदेश जारी नहीं किया है। सोशल मीडिया पर वायरल पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के इस कथित आदेश में दावा किया जा रहा है कि पेट्रोल की कीमत में दस रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में साढे बारह रुपये प्रति लीटर की बढोतरी की गयी है। कथित आदेश में कहा गया है कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में अप्रत्याशित बढोतरी के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने इस बढोतरी का निर्णय लिया है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय पीआईबी की फैक्ट चैक टीम ने बुधवार को इस कथित आदेश की जांच के बाद कहा है कि यह फर्जी है और सरकार ने पेट्रोल तथा डीजल की कीमतों में बढोतरी का कोई आदेश जारी नहीं किया है।

Uttarpradesh

# बुलंदशहर ट्रिपल मर्डर का मुख्य आरोपी जीतू सैनी मुठभेड़ में ढेर

**बुलंदशहर, (एजेंसी) बुलंदशहर के खुर्जा में सुभाष मार्ग स्थित जिम पर 25 अप्रैल की रात को हुए तिहरे हत्याकांड में मुख्य आरोपीय जीतू सैनी और पुलिस के बीच बृहस्पतिवार सुबह सिकंदरपुर गांव के पास मुठभेड़ हुई। इसमें जीतू सैनी के दो गोली लगी, जिसको घायल अवस्था में जटिया अस्पताल लाया गया। वहां से उसको जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।**



अस्पताल में उपचार के दौरान जीतू सैनी की मौत हो गई। वहीं मुठभेड़ के दौरान स्वाट टीम प्रभारी मोहम्मद असलम और सिपाही मोहित मलिक के भी गोली लगी, जिनको जटिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस टीम जीतू के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

**तिहरे हत्याकांड में 50-50 हजार के दो इनामी मुठभेड़ में गिरफ्तार-** इससे पहले, बुधवार को भी कोतवाली पुलिस और तिहरे हत्याकांड के दो आरोपी 50-50 हजार रुपये इनामी रिंकू व भारत के बीच मंगलवार रात को मुठभेड़ हुई थी। इसमें रिंकू दाएं और भारत के बाएं पैर में गोली लगी। आरोपियों के पास से पुलिस ने घटनास्थल के सीसीटीवी की डीबीआर, एक अवैध पिस्टल, एक तमंचा व कारतूस बरामद किए।

New Delhi

**बंगाल- 7 एग्जिट पोल में से 5 में भाजपा सरकार**

# 15 साल बाद ढह जाएगा 'दीदी' का किला

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** असम, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में मतदान हो चुका है। ऐसे में सभी की नजरें एक्जिट पोल पर लगी हुई है। हालांकि कई बार चुनाव परिणाम एग्जिट पोल के परिणाम से अलग भी आए हैं।

**बंगाल विधान सभा एग्जिट पोल-** बंगाल की 194 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में चुनाव हुए हैं। इस तरह सरकार बनाने के लिए 148 सीटों की जरूरत है। एग्जिट पोल सर्वे के मुताबिक ममता बनर्जी की सत्ता से विदाई तो बीजेपी पहली बार सरकार बनाती नजर आ रही है। एग्जिट पोल के7 में से 5 सर्वे में बीजेपी की सरकार बनती दिख रही है तो एक सर्वे में ममता बनर्जी को बढ़त दिखाई गई है। असम विधानसभा चुनाव को लेकर आए एग्जिट पोल में भारतीय जनता पार्टी (BJP) के नेतृत्व वाले NDA गठबंधन की बड़ी जीत के संकेत मिल रहे हैं। सर्वे एजेंसी Axis My India के अनुमान के मुताबिक राज्य में NDA स्पष्ट बहुमत के साथ सरकार बना सकती है। अगर यह अनुमान नतीजों में बदलता है, तो BJP असम में लगातार तीसरी बार सरकार बनाकर जीत की हैट्रिक लगा सकती है। इससे राज्य में पार्टी की पकड़ और मजबूत होने के संकेत मिलते हैं। एग्जिट पोल में कांग्रेस और अन्य दलों का प्रदर्शन कमजोर दिखाई दे रहा है, जिससे NDA की राह आसान नजर आ रही है। खासकर AIUDF को इस बार कोई खास बढ़त मिलती नहीं दिख रही। मैटराइज ने केरल के एक्जिट पोल में कांग्रेस सरकार का अनुमान व्यक्त किया है। कुल 140 सीटों में लेफ्ट यानी एलडीएफ को 60 से 65 सीटें मिलने का अनुमान व्यक्त किया गया है जबकि कांग्रेस के अगुवाई वाले यूडीएफ को 70 से 75 सीटें मिल सकती हैं। अन्य को 5 से 9 सीटें मिल सकती हैं। तमिलनाडु के लिए MATRIZE का एग्जिट पोल सामने आया है।

खेल

# हैदराबाद ने हासिल किया आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे बड़ा लक्ष्य, छठी हार के साथ मुंबई नौवें स्थान पर

**मुंबई, (एजेंसी) सनराइजर्स हैदराबाद ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ छह विकेट से शानदार जीत दर्ज की। बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई ने रेयान रिकेल्टन की शानदार शतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में पांच विकेट पर 243 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद ने 18.4 ओवर में ही 249 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया।**



ट्रेविस हेड और हेनरिक क्लासेन की अर्धशतकीय पारियों की मदद से हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास का चौथा सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल किया। इस सीजन में यह सनराइजर्स की लगातार पांचवीं जीत है। नौ में छह मैच जीत चुकी हैदराबाद 12 अंक और +0.832 के नेट रन रेट के साथ अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है जबकि मुंबई छह मैचों में हार के साथ नौवें पायदान पर है। शीर्ष पर पंजाब किंग्स का दबदबा है और आरसीबी दूसरे स्थान पर मौजूद है। सनराइजर्स को अभिषेक शर्मा और ट्रेविस हेड की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों खिलाड़ियों ने 8.4 ओवरों में 129 रन जोड़े। अभिषेक 24 गेंदों में तीन छक्कों और चार चौकों के साथ 45 रन बनाकर आउट हुए, जबकि ट्रेविस हेड 30 गेंदों में आठ छक्कों और चार चौकों की मदद से 76 रन बनाकर आउट हुए।

इस टीम ने 133 के स्कोर पर अपना तीसरा विकेट खो दिया था, जिसके बाद हेनरिक क्लासेन ने नीतीश रेड्डी के साथ चौथे विकेट के लिए 40 गेंदों में 80 रन जुटाकर टीम को 213 के स्कोर तक पहुंचाया। नीतीश 21 रन बनाकर आउट हुए। यहां से क्लासेन ने सलिल अरोड़ा के साथ 14 गेंदों में 36 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को बड़ी जीत दिलाई। क्लासेन 30 गेंदों में चार छक्कों और सात चौकों के साथ 65 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि सलिल ने 10 गेंदों में तीन छक्कों और दो चौकों के साथ 30 रन की नाबाद पारी खेली। विपक्षी खेमे से गजनफर ने सर्वाधिक दो विकेट हासिल किए। ट्रेंट बोल्ट और हार्दिक पांड्या ने एक-एक विकेट निकाला।

इससे पहले, विल जैक्स और रेयान रिकेल्टन की सलामी जोड़ी ने 43 गेंदों में 93 रन की साझेदारी कर मुंबई को अच्छी शुरुआत दिलाई। जैक्स 22 गेंदों में तीन छक्कों और पांच चौकों के साथ 46 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद रिकेल्टन ने मोर्चा संभाले रखा। उन्होंने सूर्यकुमार यादव के साथ दूसरे विकेट के लिए आठ गेंदों में 17 रन जुटाए। सूर्यकुमार पांच रन बनाकर पवेलियन लौटे। मुंबई इंडियंस ने 8.3 ओवरों में 110 के स्कोर तक अपने दो विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद रिकेल्टन ने नमन धीर के साथ तीसरे विकेट के लिए 31 गेंदों में 55 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूती दी। नमन 17 गेंदों में तीन चौकों के साथ 22 रन बनाकर आउट हुए।

सिनेमा

# 'शुक्र है शादी से पहले प्रेग्नेंट हो गई', नेहा धूपिया ने बताया मच गई थी अफरा-तफरी, चौंक गए थे करीबी



एक्ट्रेस और 'रोडीज' की गैंग लीडर नेहा धूपिया ने जब साल 2018 में अचानक एक्टर अंगद बेदी संग शादी का ऐलान किया, तो हर कोई चौंक गया था। उस दौरान यह खबर खूब उड़ी कि पूर्व मिस इंडिया नेहा शादी से पहले ही प्रेग्नेंट थीं। यह बात सच भी साबित हुई, क्योंकि मई में गुरुद्वारे में शादी के 5 महीने बाद ही नवंबर 2018 में उन्होंने बेटी मेहर धूपिया बेदी को जन्म दिया। शादी से पहले प्रेग्नेंसी को लेकर तब नेहा धूपिया पर खूब सवाल उठाए गए, लेकिन इस कपल ने 'ओछी ट्रोलिंग' से ज्यादा अपने प्यार को महत्व दिया। इस पर उन्हें फैंस का भी साथ मिला। अब इस कपल ने अपनी अनोखी लव स्टोरी के बारे में खुलकर बात की है और बताया कि कैसे उनकी सालों की दोस्ती और अचानक प्रेग्नेंसी ने उन्हें एक-दूसरे के करीब ला दिया। अंगद बेदी और नेहा धूपिया अब दो बच्चों के माता-पिता हैं। नेहा धूपिया ने 10 मई 2018 को एक गुरुद्वारे में एक निजी समारोह में, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बिशन सिंह बेदी के बेटे और एक्टर अंगद बेदी से शादी की। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। शादी के 5 महीने बाद 18 नवंबर 2018 को बेटी मेहर का जन्म हुआ। जबकि साल 2021 में उनका दूसरा बच्चे, बेटा गुरिक धूपिया बेदी पैदा हुआ।

## Highlights

1. Struggling auto-rickshaw driver gets ₹1 lakh, child education aid
2. Woman, infant killed as car plunges into canal in Karnataka
3. US returns over 650 stolen artefacts valued at nearly ₹133 crore to India
4. 12 killed, 20 injured as van overturns & crashes into SUV in MP
5. Man kills girlfriend, her mother over marriage rejection in Virar
6. Bengaluru Congress leader arrested in POCSO case

# Canada approves first generic version of Ozempic made by India's Dr Reddy's

**NEW DEIHI, (Agency).** Health Canada has approved the first generic version of Danish drugmaker Novo Nordisk's blockbuster diabetes drug Ozempic made by Indian drugmaker Dr Reddy's Laboratories, its website showed on Tuesday.

Several drugmakers have been developing lower-cost versions of Novo Nordisk's diabetes drug Ozempic, driving down monthly prices for some users.

In March, India became the first major market to introduce copycat versions of semaglutide following the expiry of certain patent protections, prompting Novo Nordisk to cut prices for Ozempic and its obesity drug Wegovy in the country.

"Investors will follow the evolution of the market in Canada closely as a test case to see if and how generics can compete with branded peptides." said BMO Capital Markets analyst Evan Seigerman.

Swiss generic drugmaker Sandoz has said it plans to launch has said it plans to




launch a generic version of Novo Nordisk's diabetes drug Ozempic in Canada by June this year, positioning itself among the first wave of companies seeking to market copycat versions of the blockbuster GLP-1 therapy. The company said in November that it expected to be an early entrant in the space.

Novo Nordisk is meanwhile facing mounting sales pressure as rival Eli Lilly's GLP-1 drugs, Mounjaro and Zepbound, continue to gain market share, eroding the Danish drugmaker's early first-mover advantage in the GLP-1 market.

Canadian generic entry is likely to remain a localized headwind, Seigerman said, adding that strong U.S. intellectual property protections should prevent meaningful spillover, even as Ozempic faces growing competition from drugs such as Mounjaro.

Health Canada said it is reviewing eight other applications for generic semaglutide from different companies and expects to make more decisions in the coming weeks and months.

In Canada, many generic medications are 45% to 90% cheaper than the brand-name versions.

# Neural Dispatch: Google's big AI pitch for India, Nothing's essential voice and deafening silence

**NEW DEIHI, (Agency).** Cognitive warmup. I'll be unwaveringly straightforward here. No Indian origin tech CEO said a word about US President Donald Trump's "retruth" of a Truth Social post that was critical of India as a country, Indian origin immigrants in the United States and birthright citizenship abuse. I'll not get into the politics of this from any direction, but there's a simple observation—many Indians tend to treat Indian origin CEOs like celebrities, everything they say is gospel truth, and are the long-lost sons this nation didn't know it needed. Here and now, a complete lack of public defence of their nation of birth. It is jarring. Mind you, the broader "diaspora" is silent too (the dollar salaries must be nice, I'd assume).



Ironically, many of these Indian-origin CEOs have never missed an opportunity to praise Trump (or any administration, for that matter). In late 2025, Sundar Pichai praised the administration's "AI Action Plan".

# आतिशबाजी से मैरिज गार्डन जला : गोशाला में लगी आग, मवेशी झुलसे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खंडवा रोड इलाके में देर रात से अलसुबह तक दो अलग-अलग जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं। खंडवा रोड स्थित मैरिज गार्डन में बारात के दौरान आतिशबाजी से आग लगी, जबकि दूसरी घटना में गोशाला में भीषण आग भड़क गई।**

पहली घटना पिपल्याराव स्थित राधा कृष्ण गार्डन की है। यहां रात करीब 11:30 बजे बारात के दौरान की गई आतिशबाजी से बाहर लगी झाड़ियां और टेंट में आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि मौजूद लोगों ने तुरंत प्रयास कर आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। दूसरी घटना अलसुबह करीब 4:24 बजे अयोध्यापुरी में शांति फार्म हाउस के पास स्थित एक गोशाला में हुई। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और करीब 25 हजार लीटर पानी डालकर आग पर काबू पाया। आग बुझाने में लगभग 2 घंटे का समय लगा।दमकल कर्मियों के मुताबिक आग के दौरान गोशाला में कुछ मवेशी फंसे हुए थे, जिन्हें सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। हालांकि इस दौरान दो मवेशी झुलस गए। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है।

## रनवे के पास बिना अनुमति काम, एएआई का नोटिस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** देवी अहिल्या बाई होल्कर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर प्रबंधन की बड़ी लापरवाही सामने आई है। रनवे के पास बिना अनुमति और पर्याप्त सुरक्षा उपायों के कार्य किए जाने पर एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, एयरपोर्ट अथॉरिटी ने नोटिस में पूछा है कि इस कार्य के लिए किससे अनुमति ली गई थी और सुरक्षा के क्या इंतजाम किए गए थे। नोटिस मिलते ही एयरपोर्ट प्रबंधन ने नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी कराने के लिए आवेदन किया, जिसे मुख्यालय ने मंजूरी भी दे दी है। नियमों के अनुसार रनवे या उसके आसपास किसी भी तरह का काम शुरू करने से पहले नोटम जारी करना जरूरी होता है, ताकि देश-दुनिया के पायलटों को इसकी जानकारी मिल सके। लेकिन यहां पहले काम शुरू कर दिया गया और बाद में प्रक्रिया पूरी की गई। मामला टर्मिनल के सामने रनवे के पास केबलिंग और डक्टिंग कार्य से जुड़ा है। इस दौरान खोदा गया गड्ढा कई दिनों तक खुला छोड़ा गया, जबकि नियमों के तहत ऐसे गड्ढों को तुरंत भरना जरूरी होता है। प्रबंधन का कहना था कि ऑपरेशनल एरिया में इस तरह के कार्य नियमित रूप से होते रहते हैं और गड्ढा रनवे से कुछ मीटर दूरी पर था, जिसे काम पूरा होने के बाद भरा जाना था।

## लूट के इरादे से तीन लोगों से मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में लूट के इरादे से तीन लोगों के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, नंदबाग निवासी रविंद्र पुत्र मोहनलाल कुर्मी की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। रविंद्र ने बताया कि वह अपने परिचित वीरेंद्र पटेल और कल्लू कुर्मी के साथ स्कीम नंबर-51 से कपड़े लेकर बाइक से घर लौट रहे थे। जब वे भरोसे मामा के खेत के पास पहुंचे, तभी 3-4 युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया और बाइक की चाबी निकाल ली। इसके बाद एक आरोपी ने कांच की बोतल से कल्लू कुर्मी के सिर पर हमला कर दिया, जबकि दूसरे ने वीरेंद्र पर भी हमला किया। घटना के बाद तीनों घायल अवस्था में थाने पहुंचे, जहां पुलिस ने उनका मेडिकल कराया। फिलहाल पुलिस ने लूट की पुष्टि नहीं की है और मामले को संदिग्ध मानते हुए जांच की जा रही है।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
।। बाबापण्डित ।।
(अनुष्ठानिक कार्य एवं हरिकथा प्रेमी)
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/समाधान हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक